दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, रविवार 15 सितंबर 2024

www.nyaysakshi.com

संपादकीय

छात्र समुदाय का प्रतिरोध उचित

किसी लोकतान्त्रिक व्यवस्था में उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिले के लिए राजनीतिक विचार-विमर्श में भाग ना लेने की शर्त कैसे थोपी जा सकती है? किसी विरोध में भाग ना लेने का वचन दाखिले से पहले ही कैसे लिया जा सकता है?

भारत में अन्य स्थलों की तरह ही शिक्षा संस्थानों में भी असहमति या विरोध जताना जोखिम भरा हो चुका है, यह आम तुजर्बा है। लेकिन पूर्व शर्त के तौर पर दाखिले से पहले इस पर हामी भरवाना एक नई घटना के रूप में सामने आया है। इसे इस रूप में भी कहा जा सकता है कि अभी तक जो चलन व्यवहार में था, उसे अब लिखित एवं औपचारिक रूप दिया जा रहा है। खबर मुंबई स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टिस) से है। वहां लागू नए हॉनर कोड के तहत छात्रों को दाखिले से पहले यह वचन देना होगा कि वे किसी "राजनीतिक और व्यवस्था विरोधी गतिविधियों तथा देशभक्ति विहीन चर्चाओं" आदि में हिस्सा नहीं लेंगे। वे ऐसे प्रदर्शनों या धरना आदि में भाग नहीं लेंगे, जिनसे संस्थान के "शैक्षिक वातावरण में रुकावट" पड़ती हो। हॉनर कोड पर दस्तखत की रवायत 2017 में शुरू की गई थी, जिसमें अब नई शर्तें जोड़ी गई हैं। टिस एक मानित (डीम्ड) विश्वविद्यालय है। इसकी फंडिंग का एक बड़ा हिस्सा टाटा ग्रुप से आता है।

इस संस्थान ने भारत में जातीय एवं अन्य अस्तमिता आधारित विमर्श को फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। इससे जनमत के एक बड़े हिस्से में यह धारणा बनी कि यह प्रगतिशील विचारों का वाहक संस्थान है। मगर देश में बदले माहौल का असर वहां भी हुआ। हाल के वर्षों ऐसे कई घटनाएं हुई हैं, जिनसे पुरानी धारणा को चोट पहुंची। बहरहाल, ये सवाल सिर्फ किसी संस्थान विशेष का नहीं है। मुद्दा यह है कि एक लोकतान्त्रिक व्यवस्था में किसी उच्च शिक्षा संस्थान में दाखिले के लिए राजनीतिक विचार-विमर्श में भाग ना लेने की शर्त कैसे थोपी जा सकती है? साथ ही किसी विरोध में भाग ना लेने का वचन दाखिले से पहले ही कैसे लिया जा सकता है? आखिर किसी भी संस्थान में, कभी कोई ऐसा मसला खड़ा हो सकता है, जिसका विरोध करना छात्र जरूरी समझें। विरोध की हर गतिविधि से सामान्य वातावरण में बाधा आती है। इसलिए हॉनर कोड की नई शर्तों के प्रति छात्र समुदाय का प्रतिरोध उचित है। बेहतर होगा कि प्रशासन इन्हें तुरंत वापस ले ले।

ग्लोबल कमर्शियल रियल एस्टेट संकट पर आरबीआई गवर्नर का अलर्ट

❐ शॉर्ट सेलर्स से बैंकिंग क्षेत्र को खतरा



मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आगाह किया कि वैश्विक वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में दबाव के कारण बैंक शॉर्ट सेलर्स के निशाने पर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे नकदी की कमी जैसी समस्या पैदा हो सकती है। सिंगापुर में ब्रेटन वुड्स कमेटी द्वारा आयोजित फ्यूचर ऑफ फाइनैंस फोरम 2024 को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि वैश्विक वाणिज्यिक रियल एस्टेट (सीआरई) क्षेत्र में दबाव पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है।

आरबीआई गवर्नर ने वैश्विक वित्तीय स्थिरता जोखिम के बारे में बताते हुए कहा, 'बैंक अपने ऋण बहीखाते में अपेक्षाकृत उच्च सीआरई कवरेज अनुपात के कारण अपेक्षित और अप्रत्याशित सीआरई नुकसान के प्रति अधिक संवेदनशीलता दिखाते हैं। इसके अलावा वैश्विक वाणिज्यिक रियल एस्टेट में बड़े निवेश वाले बैंकों के लिए नकदी की कमी हो सकती है, क्योंकि शॉर्ट सेलर्स उन्हें निशाना बना सकते हैं। इससे निवेशकों का विश्वास कम हो सकता है।'

दास ने जोर देकर कहा कि नियामकों को सतर्क रहना चाहिए और प्रणालीगत स्थिरता एवं बैंक बहीखाते पर जोखिम से निपटने के लिए दूरदर्शी नियामकीय उपाय करने चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, सीआरई कीमतों में वैश्विक स्तर पर 12 फीसदी की गिरावट आई है। इसके अलावा यह क्षेत्र उच्च रिक्ति दरों और बढ़ती ऋण लागत के प्रति भी संवेदनशील बना हुआ है।

जहां तक भारत का सवाल है तो वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र का बैंक ऋण 28 जून, 2024 तक 22.8 फीसदी बढ़कर 4.21 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह गैर-खाद्य ऋण के मुकाबले अधिक है जिसमें 13.9 फीसदी की वृद्धि हुई थी। इन आंकड़ों में एचडीएफसी का एचडीएफसी बैंक में विलय का प्रभाव शामिल नहीं है। यह विलय 1 जुलाई 2023 से प्रभावी हुआ था।

भारतीय संदर्भ में मुद्रास्फीति के बारे में दास ने संकेत दिया कि मुद्रास्फीति में कमी के बावजूद केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती करने की जल्दबाजी में नहीं है।

दास ने कहा, 'मुद्रास्फीति में नरमी जरूर आई है। यह अप्रैल 2022 के शीर्ष स्तर 7.8 फीसदी से नरम होकर आरबीआई द्वारा तय सहज स्तर 4 फीसदी के आसपास आ गई है। मगर दरों में कटौती पर विचार करने से पहले अब भी थोड़ा इंतजार करना होगा।'

अगस्त लगातार दूसरा महीना रहा जब खुदरा मुद्रास्फीति 4 फीसदी से नीचे रही और लगातार 12 महीने से यह आरबीआई के सहज स्तर 6 फीसदी से नीचे है।

दास ने कहा कि आरबीआई के अनुमान इस ओर इशारा कर रहे हैं कि मुद्रास्फीति 2024-25 में और नरम होकर 4.5 फीसदी और 2025-26 में 4.1 फीसदी रह सकती है। साल 2023-24 में यह 5.4 फीसदी के आसपास थी। भारत में मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 3.65 फीसदी हो गई, जो जुलाई में 3.6 फीसदी थी।

अल्कराज, बतिस्ता का शानदार प्रदर्शन, डेविस कप फाइनल चरण में स्पेन

मैड्रिड

कार्लोस अल्काराज और रॉबर्टो बतिस्ता ने शुक्रवार को वेलेंसिया में फ्रांस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने एकल मैच जीते। इसी के साथ स्पेन ने डेविस कप के अंतिम चरण में अपनी जगह पक्की भी की।

अल्काराज ने दमदार प्रदर्शन करते हुए उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-3 से हराया और अब उसका रविवार को ऑस्ट्रेलिया के साथ मुकाबला होगा।

हम्बर्ट ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक होने की कोशिश की, लेकिन घरेलू दर्शकों के सामने, अल्काराज हावी दिखे।

बतिस्ता ने स्पेन को विजयी शुरुआत दिलाई, हालांकि स्थानीय खिलाड़ी को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करनी पड़ी और दूसरे सेट में ब्रेक डाउन के बाद उन्होंने आर्थर फिल्स को तीन घंटे से भी कम समय में 2-6, 7-5, 6-3 से हराया।

पहला सेट हारने के बाद, दूसरे सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद बतिस्ता हार की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी की और फिर तीसरे सेट में जीत दर्ज की। डेविस कप का अंतिम चरण 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के शहर मलागा में खेला जाएगा।

जोमैटो अब सीधे ट्रेन में डिलीवर करेगी खाना, सीईओ दीपिंदर गोयल ने दी जानकारी

नईदिल्ली

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो अब सीधे ट्रेन कोच में खाना डिलीवर करेगी।कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके इस फैसले के बारे में जानकारी दी है। कंपनी ने इसके लिए भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ साझेदारी की है।गोयल ने बताया है कि यह सुविधा देश के 100 रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध होगी।

गोयल ने बताया है कि कंपनी पहले ही ट्रेनों में 10 लाख से अधिक ऑर्डर डिलीवर कर चुकी है। रेल यात्रा के दौरान सीधे कोच में खाना ऑर्डर करने की सुविधा उपलब्ध होने से लाखों ग्राहकों का फायदा होगा।कंपनी ने हाल ही में जोमैटो फॉर एंटरप्राइज नामक एक प्लेटफार्म की घोषणा की है। इस प्लेटफॉर्म को कंपनियों के लिए खाने पर वह खर्च के प्रबंधन से जुड़ी समस्या को हल करने के लिए डिजाइन किया गया है।

भारत ने पाकिस्तान को रौंदा, चैंपियंस ट्रॉफी में दर्ज की लगातार 5वीं जीत

नईदिल्ली

भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में लीग स्टेज के अपने 5वें मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से मात देते हुए शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम इंडिया का इस टूर्नामेंट में पिछले 8 सालों से चला रहा अजेय अभियान भी जारी रहा। भारत की तरफ से इस मैच में दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह की स्टिक से देखने को मिले। लीग स्टेज में भारत का इस टूर्नामेंट में ये आखिरी मुकाबला था जिसमें उन्होंने सभी को अपने नाम किया है।

इस मुकाबले को लेकर बात की जाए तो पाकिस्तान टीम की तरफ से नदीम अहमद ने 8वें मिनट में फील्ड गोल करने के साथ अपनी टीम को मुकाबले में 1-0 से बढ़त दिला दी थी। इस टूर्नामेंट में भारत पहली बार किसी मुकाबले में 1-0 से पीछे हुआ था। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों की तरफ से आक्रामक खेल देखने को मिला और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पहला क्वार्टर खत्म होने से पहले मिले एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए मुकाबले को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया था। वहीं दूसरे क्वार्टर की शुरुआत होने के साथ भारतीय टीम को खेल के चौथे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर मिल गया और इस बार भी सरपंच साहब कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल करते हुए भारतीय टीम को मुकाबले में 2-1 से बढ़त दिला दी। यहां से फिर तीसरे और चौथे क्वार्टर में दोनों ही टीमों ने गोल करने के कई प्रयास तो किए लेकिन वह सफल नहीं रहे और अंत में भारत ने इस मुकाबले को अपने नाम किया।

हॉकी में भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी बार साल 2016 के साउथ एशियन गेम्स के फाइनल मुकाबले में मात मिली थी उसके बाद से अब तक दोनों टीमों के बीच हुए 17 मैचों में से 15 को भारतीय हॉकी टीम अपने नाम करने में कामयाब रही है, जबकि दो मैच ड्रॉ पर खत्म हुए। वहीं इस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम ने अपने सभी लीग मुकाबलों में जीत हासिल करने के साथ प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया है।

टीम इंडिया का गेंदबाजी कोच बनना मेरे लिए खास पल: मोर्ने मोर्कल

नई दिल्ली

भारतीय पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच बनने के बाद मोर्ने मोर्कल ने अपने पिता के साथ हुई बातचीत के बारे में खुलकर बात की।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने बांग्लादेश टेस्ट से पहले अभ्यास शुरू कर दिया है। टीम इंडिया के साथ मोर्ने मोर्कल भी बतौर गेंदबाजी कोच जुड़ चुके हैं।

मोर्ने मोर्कल, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर एक सितंबर को अपना पद संभाला था, ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी स्टाफ में शामिल होने पर अपनी खुशी और सम्मान की भावना भी साझा की, जो उनकी कोचिंग यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है।

इस पूर्व तेज गेंदबाज का दक्षिण अफ्रीका के साथ 2006 से 2018 तक 12 साल का प्रभावशाली करियर रहा, जिसमें उन्होंने सभी प्रारूपों में 247 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 544 विकेट लिए।

भारतीय टीम के साथ उनका पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी, जो 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगी।

टेस्ट सीरीज मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां भारत स्टैंडिंग में शीर्ष पर है जबकि बांग्लादेश पाकिस्तान में 2-0 की शानदार सीरीज जीत के बाद चौथे स्थान पर है।

बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में अफ्रीकी तेज गेंदबाज ने कहा, जब मैंने कॉल खत्म की, तो मैं कमरे में लगभग पांच मिनट तक इस पर विचार करता रहा और फिर मैंने सबसे पहले अपने पिता को फोन किया।

मैं अपनी पत्नी के पास भी नहीं गया। आप जानते हैं, आम तौर पर वे कहते हैं कि पहले अपनी पत्नी के पास जाओ, लेकिन मैंने अपने पिता से बात की।

मोर्ने मोर्कल ने बताया कि उनके लिए, यह नियुक्ति उनके लिए न केवल एक प्रोफेशनल अचीवमेंट, बल्कि अपने परिवार के साथ साझा गर्व का क्षण है।

उन्होंने कहा, मैंने लगभग 5 से 7 मिनट तक इसका लुत्फ उठाया और फिर जाहिर तौर पर परिवार के साथ साझा किया कि यह एक अवसर है और संभावित रूप से ऐसा हो सकता है। मैं बस इतना खुश हूं कि हमने आखिरकार चीजों को आगे बढ़ाया और मैं यहां हूं।

इंटर मियामी के लिए जल्द कमबैक करेंगे मेसी

वाशिंगटन

लियोनल मेसी चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहने के बाद इस हफ्ते इंटर मियामी के लिए मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

37 वर्षीय अर्जेंटीना के कप्तान ने जुलाई में कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर एल्बीसेलेस्टे की 1-0 की जीत के दौरान टखने के लिगामेंट में चोट लगने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है।

रिपोर्ट के अनुसार, वह प्रशिक्षण पर लौट आए हैं और पूरी उम्मीद है कि वे शनिवार को इंटर मियामी के घरेलू मुकाबले के लिए उपलब्ध होंगे।

इंटर मियामी के मैनेजर गेरार्डो मार्टिनो ने शुक्रवार को बताया, हां, वह ठीक हैं। उसने गुरुवार को प्रशिक्षण लिया और वह मैच के लिए हमारी योजनाओं में है। आज प्रशिक्षण के बाद हम उसके लिए रणनीति के बारे में सोचेंगे, लेकिन वह उपलब्ध है।

मेसी ने इस सीजन में 12 मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) मैचों में 12 गोल और 13 असिस्ट किए हैं।

मार्टिनो आठ बार के बैलन डीओर विजेता की मैच फिटनेस की कमी से परेशान नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी मौजूदगी मात्र से फ्लोरिडा की टीम को काफी बढ़ावा मिलेगा।

मार्टिनो ने कहा, हमारी टीम, जो पहले से ही अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का स्वागत करना हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है।

इंटर मियामी वर्तमान में मेजर लीग सॉकर के ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में 27 मैचों में 59 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सिनसिनाटी से आठ अंक आगे है।

ध्वनि भानुशाली की फिल्म कहां शुरू कहां ख़तम का पहला गाना इश्क दे शॉट हुआ रिलीज



ध्वनि भानुशाली फिल्म कहां शुरू कहां खतम से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने के लिए पूरी तातर: तैयार हैं और अब फिल्म के निर्माताओं ने पहला गाना इश्क दे शॉट रिलीज कर दिया है, जिससे फिल्म के प्रति लोगों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। यह पार्टी एंथम फेस्टिव सीजन के लिए एकदम सही है और शादियों में भी यह निश्चितरूप से पसंद किया जाएगा।

ध्वनि भानुशाली और आईपी सिंह द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने के बोल स्वयं आईपी सिंह ने लिखे है और उन्होंने अक्षय के साथ मिलकर इस गाने की रचना की है ,इश्क दे शॉट एक हाई एनर्जी डांस वाइब लाता है और आप निश्चितरूप से खुद को इस गाने पर थिरकने से नहीं रोक सकते। एक शादी की कॉकटेल पार्टी के बैकड्रॉप पर सेट, इस पेपी ट्रैक को पीयूष शाजिया द्वारा कोरियोग्राफ और निर्देशित किया गया है, जो मज़ेदार और जीवंत मूड को दर्शाता है।

ध्वनि भानुशाली और आशिम गुलाटी ने अपने एनर्जेटिक परफॉरमेंस के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। चाहे शादी हो, पार्टी हो या कोई त्यौहार, इश्क दे शॉट आप सभी को निश्चितरूप से आकर्षित करेगा और आपके पलायलिस्ट में अपमी जगह बनाएगा।

परेश रावल की नई फिल्म जो तेरा है वो मेरा है का ऐलान, पहला पोस्टर जारी

परेश रावल को आखिरी बार अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब परेश की नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम जो तेरा है वो मेरा है है। फिल्म के निर्देशन की कमान राज त्रिवेदी ने संभाली है।फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें परेश समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है।

फिल्म जो तेरा है वो मेरा है 20 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी।फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर आएगी। इसे जियो सिनेमा प्रीमियम के माध्यम से देखा जा सकता है, जिसकी कीमत 29 रुपये प्रति महीना है।इस फिल्म में अमित सियाल, सोनाली कुलकर्णी, सोनाली सेगल, फैसल मलिक और आदित्य रावल जैसे सितारे भी नजर आने वाले हैं।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे।

वृष- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

कर्क- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे और गलत संगत से बचेंगे।

सिंह- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। जीवन में चल रही परेशानियां जल्द ही दूर होंगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे।

धनु- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ बातों में बदलाव होने में समय लगेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज व्यापार में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा।

मीन- आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा।

नए गाने के लिए फिर साथ आए आलिया भट्ट-दिलजीत, जिगरा के सेट से सामने आई बीटीएस तस्वीर

आलिया भट्ट अपनी आगामी फिल्म जिगरा की रिलीज के लिए तैयार है. एक्ट्रेस फिल्म का प्रमोशन जोरशोर से कर रही हैं. हाल ही में राजी एक्ट्रेस ने जिगरा के सेट से एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ संग दिख रही हैं. दोनों की एक साथ की तस्वीर ने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है.

आलिया भट्ट ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म जिगरा से जुड़ी जानकारी साझा की. एक्ट्रेस ने पंजाबी सिंगर दिलजीत के साथ फोटो शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, कुर्सियां सब कुछ कह देती हैं.

तस्वीर में आलिया भट्ट और दिलजीत कुर्सी पर बैठे दिख रहे हैं. आलिया की कुर्सी पर द सैड कुडी लिखा है. बगल में बैठे दिलजीत दोसांझ की कुर्सी पर लिखा है, कुड़ी के बारे में गाते है. दोनों स्टार कैमरे की ओर अपना पीठ करके बैठे हुए है. वहीं बैकग्राउंड में रोशनी से जगमगाती जिगरा का टाइटल देखा जा सकता है.

आलिया के पोस्ट करते ही फैंस के रिएक्शन आने शुरू हो गए. एक फैन ने कमेंट कर लिखा है, तो आलिया और दिलजीत की सुपरहिट म्यूजिकल जोड़ी आधिकारिक तौर पर बन रही है. हम बहुत उत्साहित हैं. एक दूसरे फैन ने लिखा है, मैं उनके आने वाले एक और धमाकेदार गाने का इंतजार नहीं कर सकता. एक यूजर ने लिखा है, एक और ब्लॉकबस्टर आ गई है. एक अन्य ने कमेंट किया है, अब यह मेरा नया पसंदीदा गाना बनने जा रहा है. एक यूजर ने लिखा, दिलजीत और जिगरा की सबसे प्रतीक्षित जादुई जोड़ी यहां है. मैं इसके लिए इंतजार नहीं कर सकता. मैं बहुत उत्साहित हूं.

इससे पहले पहले आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ फिल्म उड़ता पंजाब के गाने इक कुड़ी में पहली बार साथ आए थे. यह गाना काफी हिट हुआ था. फैन्स ने इसे खूब पसंद किया था.

शब्द सामर्थ्य- 178

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 177 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म	■	■	स
ट	■	भ	ला	ई	■	अ	स	म
ना	म	■	■	स	मा	धि	■	झ
■	ज	■	बे	■	न	का	र	ना
बा	बू	■	आ	य	क	र	■	■
■	र	की	ब	■	■	■	प्र	था
ज	■	■	रू	प	क	■	ज	न
हा	■	पा	■	ना	म	ची	न	■
ज	हां	प	ना	ह	■	ता	न	ना

सू-दोकू- 178

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.177 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5	■	6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6